8 राज्यों के प्रतिभागियों ने ISS के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर ELISS App से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया

उत्तरी भारत के 8 राज्यों जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली तथा उत्तराखंड के प्रतिभागियों द्वारा ISS के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर eLISS App से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ है। प्रशिक्षण की अध्यक्षता सुमेध नगरारे, सलाहकार (सांख्यिकी), भारत सरकार द्वारा की गई। प्रशिक्षण में डॉ प्राची मिश्रा, प्रमुख वैज्ञानिक, IASRI, नई दिल्ली, डॉक्टर प्रेम कुमार, निदेशक पशुपालन, उत्तराखण्ड, डॉ. पूर्णिमा मित्तल, निदेशक, पशुपालन जम्मू कश्मीर के साथ-साथ अन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रशिक्षण में 8 राज्यों के लगभग 100 SNO,s व DNO,s द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ. शैलेंद्र वशिष्ठ, उपनिदेशक, सांख्यिकी पशुपालन विभाग, उत्तराखंड द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में डॉ. प्रेम कुमार, निदेशक द्वारा ISS कार्यों के महत्व तथा उससे प्राप्त आंकड़ों की उपयोगिता के संबंध में अवगत

कराते हुए आशा प्रकट की गई कि eLISS सॉफ्टवेयर से पशुजन्य उत्पादों के गुणवत्ता पूर्ण आँकड़े समयान्तर्गत प्राप्त कराने में सुगमता होगी।

डॉ. प्राची मिश्रा द्वारा इस सॉफ्टवेयर की विशेषता से अवगत कराते हुये उसकी कार्यप्रणालियों पर विस्तार से अवगत कराया गया। डॉ. पूर्णिमा मित्तल, निदेशक, जम्मू कश्मीर द्वारा eLISS App से संबंधित कुछ सुझाव दिए गए।

श्री सुमेध नगरारे, सलाहकार द्वारा eLISS App की आवश्यकता से अवगत कराते हुए कहा गया कि आंकड़ों का उद्देश्य तभी पूर्ण होता है जब वे समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण ज्ञात करते हुए उनका उपयोग विभागीय योजनाओं में किया जा सके। उनके द्वारा ऐप को इस उद्देश्य हेतु एक मुख्य माध्यम मानते हुए समस्त प्रतिभागियों को इससे पूर्ण रुप से विज्ञ होते हुये आगामी सर्वेक्षण वर्ष में अपने-अपने राज्यों में सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु अनुरोध किया गया।

DEPARTMENT OF ANIMAL HUSBANDRY & DAIRYING
Training On